

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I<sup></sup>st ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 27 October 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 27 अक्टूबर का इतिहास

- **1947 :** जम्मू-कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत में जम्मू कश्मीर के विलय को स्वीकार कर लिया।
- **1795 :** अमेरिका और स्पेन ने सैन लौरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1806 :** फ्रांस की सेना बर्लिन में घुसी।
- **1605 :** मुगल साम्राज्य के तीसरे शासक अकबर का फतेहपुर सीकरी में निधन हुआ।
- **1920 :** भारत के राष्ट्रपति के.आर. नारायणन का जन्म हुआ।

## 27 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्र ने राज्य कैडर के 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी संजय मल्होत्रा को नया राजस्व सचिव नियुक्त किया है। वह तरुण बजाज की जगह लेंगे जो नवंबर के अंत में सेवानिवृत होंगे। मल्होत्रा, जो वर्तमान में वित्तीय सेवा विभाग में सचिव के रूप में कार्यरत हैं, विशेष कर्तव्य पर एक अधिकारी के रूप में राजस्व विभाग में शामिल होंगे। केंद्र ने 16 मंत्रालयों ओर विभागों के लिए नए सचिवों की घोषणा की है।
- त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने शिक्षा मंत्री रतन लाल नाथ के साथ शहर में 100 प्रवेश क्षमता वाले राज्य के पहले अंग्रेजी माध्यम सामान्य डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया। आर्ट्स स्ट्रीम के पहले पांच बुनियादी विषयों में अनिवार्य बंगाली और अंग्रेजी शामिल हैं। त्रिपुरा सरकार ने एक पुराने टीचिंग कॉलेज का नवीनीकरण कर 1 करोड़ रुपये के बजट में सामान्य डिग्री कॉलेज का निर्माण किया है।
- प्रसिद्ध हॉलीवुड स्टार अन्ना मे वोंग की तस्वीर देश भर के क्वार्टर-डॉलर के सिक्कों पर अंकित की जाएगी। सिक्का अमेरिकी महिला क्वार्टर कार्यक्रम का पांचवां डिजाइन है। अन्ना मे वोंग ने 60 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है और उन्हें पहले एशियाई अमेरिकी फिल्म स्टार के रूप में पहचाना जाता है।
- सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल के संस्थापक शिव नादर 1161 करोड़ रुपये के वार्षिक दान के साथ देश के सबसे बड़े परोपकारी बनकर उभरे हैं। एडलगिव हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2022 के मुताबिक नादर प्रतिदिन तीन करोड़ रुपये दान करते हैं। आइटी कंपनी विप्रो के 77 वर्षीय अजीम प्रेमजी पिछले दो वर्षों से लगातार शीर्ष स्थान पर रहने के बाद इस साल दूसरे स्थान पर खिसक गए।
- इसरो के लॉन्च व्हीकल मार्क 3 रॉकेट ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से 36 वनवेब उपग्रह लॉन्च किए।
- गृह मंत्रालय ने कानूनों के उल्लंघन के लिए राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट के एफसीआरए लाइसेंस रद्द किए।
- एफएटीएफ ने म्यांमार को अपनी ब्लैक लिस्ट में जोड़ने का फैसला किया।
- पीनट वाटर की कंपनी पिंटोला ने सूर्यकुमार यादव क्रिकेटर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में कैदियों के मुकदमों के त्वरित निपटारे के लिये जेलों मे लोक अदालत शुरू की। प्रत्येक शनिवार को ये अदालतें लगेंगी। साथ ही विचाराधीन कैदी और दोषसिद्ध व्यक्ति को दलील पेश करने या मामले का सुलझाने संबंधी उनके अधिकारों एवं विधिक विकल्पों को भी स्पष्ट किया जाएगा।
- पीएम मोदी ने उत्तराखंड में 3400 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने दो रोपवे परियोजनाओं, गौरीकुंड से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब की आधारशिला रखी। केदारनाथ में रोपवे की लंबाई करीब 9.7 किमी होगी। यह गौरीकुंड को केदारनाथ से जोड़ेगा।
- भारत ने अग्नि प्राइम न्यू जेनरेशन बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल परमाणु क्षमता से लैस है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अधिकतम रेंज हासिल की। इसने सभी टेस्ट सफलतापूर्वक पास किए। लगातार तीसरे टेस्ट के साथ ही अग्नि प्राइम मिसाइल सटीकता और विश्वसनीयता के आयाम में खरी उतरी है।
- एलजी वीके सक्सेना ने लगभग 77000 पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए दिल्ली में चार जिला सैनिक बोर्डो की स्थापना को मंजूरी दी। एलजी ने सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति केजरीवाल सरकार की अन्यायपूर्ण उदासीनता पर दुख भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके कारण इस आशय के प्रस्ताव में लगभग 3 वर्षो की देरी हुई। वर्ष 2019 में तत्कालीन एलजी द्वारा प्रस्ताव को शुरू में मंजूरी दी गई थी और जीएनसीटीडी को भेज दिया गया था।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 3 से 8 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों की मूलभूत स्तर की शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा की रूपरेखा शुरू की। यह रूपरेखा पंचकोश अवधारणा पर केंद्रित है-शरीर, मन के बीच समन्वय की प्राचीन भारतीय परंपरा से प्रेरित।
- आकाश फॉर लाइफ अंतरिक्ष सम्मेलन देहरादून आयोजित किया जाएगा।

काव्य क्लासेज
डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. 14वीं विश्व स्पाइस कांग्रेस 16 से 18 फरवरी, 2023 तक कहां पर आयोजित होगा?**

(A) नवीं मुंबई (B) कोलकाता

(C) बेंगलुरू (D) आंध्रप्रदेश

**(A)** 14वीं विश्व स्पाइस कांग्रेस 16 से 18 फरवरी, 2023 तक नवी मुंबई, महाराष्ट्र में सिडको प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में होंगी। विजन 2030 स्पाइस (स्थिरता, उत्पादकता, नवाचार, सहयोग, उत्कृष्टता और सुरक्षा) को वर्तमान वर्ल्ड स्पाइस कांग्रेस के विषय के रूप में चुना गया है। महत्वपूर्ण आयात करने वाले देशों के नियामक अधिकारी, व्यापार मंत्री और G20 सदस्य देशों के उद्योग संघ सभी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।



**2. 5वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन किस राज्य में होगा ?**

(A) कर्नाटक (B) आंधप्रदेश

(C) मध्यप्रदेश (D) कर्नाटक

**(C)** हाल ही में केंद्रीय युवा कार्यक्रम ओर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलों इंडिया यूथ गेम्स का आगामी संस्करण मध्यप्रदेश में आयोजित किया जाएगा। यह खेल प्रतियोगिता 31 जनवरी, 2023 से शुरू होकर 11 फरवरी, 2023 को समाप्त होगी। यह इन खेलों का 5वां संस्करण होगा जिसमें कुल 27 स्पर्धाएं होंगी। इन खेलों के इतिहास में पहली बार वाटर स्पोर्ट्स को भी शामिल किया जा रहा है।

**3. दुर्गावती टाइगर रिजर्व किस राज्य में स्थापित किया जाएगा ?**

(A) राजस्थान (B) महाराष्ट्र

(C) मध्यप्रदेश (D) छत्तीसगढ़

**(C)** हाल ही में मध्यप्रदेश वन्यजीव बोर्ड ने पन्ना टाइगर रिजर्व के बाघों के लिए एक नए रिजर्व को मंजूरी दे दी है। अब इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को भेजा जाएगा। 2339 वर्ग किलोमीटर का नया टाइगर रिजर्व नरसिंहपुर, दमोह और सागर जिलों में फैला होगा। इसे दुर्गावती टाइगर रिजर्व कहा जाएगा।




**4. हाल ही किस बैंक ने भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) का डिजिटल पुरस्कार 2022 जीता?**

(A) कर्नाटक बैंक (B) महाराष्ट्र बैंक

(C) कोटक बैंक (D) उपरोक्त सभी

**(A)** कर्नाटक बैंक ने बीएफएसआई खंड के तहत डिजिटल परिवर्तन में सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा स्थापित राष्ट्रीय डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार डीएक्स 2022 पुरस्कार प्राप्त किया है। नई दिल्ली में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को केबीएल एचआर एनएक्सटी-कर्मचारी सगाई, केबीएल संचालन एनएक्सटी-परिचालन उत्कृष्टता और केबीएल ग्राहक एनएक्सटी-ग्राहक अनुभव में अभिनेव उत्कृष्टता की मान्यता में पुरस्कार प्रदान किए गए।



**5. हाल ही में PMAY-U अवॉर्ड्स 2021 में किस राज्य को सर्वोच्च सम्मान दिया ?**

(A) कर्नाटक (B) मध्यप्रदेश

(C) उत्तरप्रदेश (D) महाराष्ट्र

**(C)** केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र के प्रमुख, प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी आवास योजना के तहत वितरित किए गए हैं और शेष पूरा होने के विभिन्न चरणों में हैं। PMAY-U अवॉर्ड्स 2021 राजकोट में योजना के कार्यान्वयन के संबंध में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और शही स्थानीय निकायों के योगदान को मान्यता देने के लिए प्रतिवर्ष निर्धारित किया जाता है।



**6. हाल ही में OYO, MakeMyTrip और Goibibo पर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने कितने करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया ?**

(A) 200 करोड़ रूपये (B) 300 करोड़ रूपये
(C) 392 करोड़ रूपये (D) 452 करोड़ रूपये

**(C)** आयोग ने 131 पेज के अपने आदेश में कहा कि मेकमाईट्रिप-गोइबिबो पर 223.48 करोड़ रूपये और ओयो पर 168.88 करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया है। मेकमाइट्रिप-गोइबिबो पर यह आरोप लगाया गया कि उसने होटल भागीदारों के साथ अपने समझौतो में मूल्य समानता लागू की।




**7. 1,161 करोड़ रूपये के वार्षिक दान के साथ देश के सबसे बड़े परोपकारी कौन बन गए है ?**

(A) शिव नादर (B) मनीष अंबानी
(C) अनिल अंबानी (D) आनंद महिंद्रा

**(A)** एडलगिव हुरून इंडिया परोपकार सूची 2022 के मुताबिक नादर प्रतिदिन तीन करोड़ रूपये दान करते हैं। आइटी कंपनी विप्रो के 77 वर्षीय अजीम प्रेमजी पिछले दो वर्षो से लगातार शीर्ष स्थान पर रहने के बाद इस साल दूसरे स्थान पर खिसक गए। उन्होंने 484 करोड़ रूपये का वार्षिक दान दिया।




**8. मिशन Life का संबंध किससे है ?**

(A) स्कूली शिक्षा (B) पशुओं का टीकारण
(C) रोगियों की सुरक्षा (D) जलवायु परिवर्तन

**(D)** हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन Life की शुरुआत की। इस मिशन का लक्ष्य जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने की कोशिश करना है। इसके लिए तीन नियम बनाए गए है। यह मिशन जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई को लोकतांत्रिक बनाता है जिसमें हर कोई अपने सामर्थ्य के हिसाब से योगदान दे सकता है।



**9. हाल ही में भारत और अमेरिका की सेनाओं ने किस स्थान पर तीन दिवसीय संयुक्त मानवीय सहायता टाइगर शुरू किया ?**

(A) विशाखापत्तनम (B) कोच्चि
(C) मणिपुर (D) उदयपुर

**(A)** हाल ही में भारत और अमेरिका की सेनाओं ने विशाखापतनम स्थान पर तीन दिवसीय संयुक्त मानवीय सहायता टाइगर शुरू किया। इस साल के टाइगर ट्रंफ अभ्यास में 50 संयुक्त प्रतिभागी शामिल हुए और यह अभ्यास स्टाफ नियोजन पर केंद्रित है, जिसमें कुटनीतिक परिचालन और सैन्य समन्वय को सुव्यवस्थित करने से जुड़ी प्रक्रियाओं पर जोर दिया गया है।



**10. हाल ही में किस राज्य में पीएम मोदी द्वारा मिशन डिफस्पेस लॉन्च किया गया ?**

(A) ओडिशा (B) सिक्किम
(C) असम (D) गुजरात

**(D)** हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में मिशन डेफस्पेस का उद्घाटन और 52 विंग वायु सेना स्टेशन डीसा का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि डेफस्पेस 22 का ये आयोजन नए भारत की ऐसी भव्य तस्वीर खींच रहा है जिसका संकल्प हमने अमृत काल में लिया है।

